Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 07-12-2005
Participants : Barad Shri Jasubhai Dhanbhai

>

Title : Need to extend Rajkot and Porbandar bound trains up to Veraval for promoting tourism in Junagarh district, Gujarat.

श्री जसुभाई दानाभाई बारड़ (जूनागढ़) : महोदय, गुजरात जिला पर्यटन के लिए काफी महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस जिले में भगवान सोमनाथ महादेव का प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर है, जो हिन्दुओं के चार प्रसिद्ध धामों में से है। इस जिले में गिरनाथ पर्वत भी है। गिरनाथ पर्वत पर हिन्दुओं और जैन समाज का प्रसिद्ध और धार्मिक स्थान भी है। इस जिले में एशिया खंड का केसरी सिंह से जुड़ा "सासण गिर विस्तार" का क्षेत्र भी है और इस जिले का काफी बड़ा क्षेत्र समुद्र तट के किनारे भी है। इस समुद्रीय तट के किनारे पर एक स्थान दीव है। दीव में ब्रिटिश शासन के समय में बनाया गया एक किला है। इस किले को देखने के लिए आज भी देशी-विदेशी पर्यटक काफी संख्या में इस स्थान पर आते हैं। लेकिन रेल परिवहन की उचित व्यवस्था नहीं होने से यहां आने वाले श्रद्धालु और पर्यटकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

अतः मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि अन्य राज्यों से जो रेलगाड़ियां राजकोट, पोरबंदर तक आती हैं, उन्हें वेरावल जिला जूनागढ़ तके बढ़ाने की आवश्यकता है। सोमनाथ वेरावल से अन्य चारों प्रसिद्ध धार्मिक (धामों) स्थलों को जोड़ने के लिए भी रेल सुविधा शुरू की जानी चाहिए। सोमनाथ वेरावल जिला जूनागढ़ से मुम्बई तक के लिए सीधी रेलगाड़ी चलायी जानी चाहिए, जिससे श्रद्धालु पर्यटकों को इस स्थान पर आना और आसान हो जायेगा और उनकी संख्या में वृद्धि से पर्यटन के क्षेत्र को भी काफी बढ़ावा मिलेगा।